हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विष्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक संख्याः पी0वी0सी0कार्या0 / 2022 / 293 दिनांक : 26.07.2022

परिपत्र

प्रायः उच्चाधिकारियों को निर्णयार्थ / अनुमोदनार्थ अग्रसारित पत्रजातों, टिप्पणी एवं पत्रावलियों पर सम्बन्धित अनुभाग अधिकारी / सहायक कुलसचिव / उप कुलसचिव द्वारा प्रस्ताव पर स्पष्ट टीप व नियमानुसार स्पष्ट अनुभागीय मंतव्य अंकित नहीं किये जा रहे हैं, जिससे पत्रावलियों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब उत्पन्न होता है। यह आवश्यक है कि सम्बन्धित पटल सहायक / अनुभागीय अधिकारी / सहायक कुलसचिव / उप कुलसचिव द्वारा किसी भी प्रकरण पर स्पष्ट टिप्पणी तथा सुसंगत नियम का उल्लेख करते हुए, अनुभागीय अभिमत सहित अग्रेषण किया जाए, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अनुभागीय, नियंत्रक अधिकारी (उप कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / अनुभागीय अधिकारी) पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

अतः एत्तद्वारा समस्त उप कुलसचिव एवं सहायक कुलसचिव को निर्देशित किया जाता है कि अपने नियंत्रणाधीन अनुभागों में उक्त व्यवस्था अविलम्ब सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कुलसचिव द्वारा नियंत्रक अधिकारियों के साथ यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यालय समय में अनुभाग कार्यालयों में तैनात कार्मिकों के अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति का प्रवेश वर्जित किया जाय, जिससे कार्यालयी कार्य बाधित न हों व अनुभागीय पत्रजातों की गोपनीयता बनी रहे। उक्त हेतु कुलसचिव प्रति कार्य दिवस में प्रत्येक अनुभाग / कार्यालय का औचक निरीक्षण कर अधोहस्ताक्षरी को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।

प्रति कुलपति

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त उप कुलसचिव / सहायक कुलसिचव / अनुभाग अधिकारी / प्रभारी।
2. निजी सचिव कुलसचिव / वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक।
3. प्रभारी सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त परिपत्र को विश्वविद्यालय वैब साईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. निजी सचिव, प्रति कुलपति।
5. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय सूचना पटल / नोटिस बोर्ड।

प्रति कुलपति